भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5777

उत्तर देने की तारीख 30 मार्च, 2026

सोमवार, 09 चैत्र, 1948 (शक)

कौशल भारत पोर्टल एकीकरण

5777. श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावाः
श्री दिनेशभाई मकवाणाः
श्री शशांक मणिः
श्री दामोदर अग्रवालः
श्री भोजराज नागः
श्री मुकेशकुमार चंद्रकांत दलालः
डॉ. हेमांग जोशीः
श्री दिलीप शइकीयाः
श्री लुम्बाराम चौधरीः
श्री योगेन्द्र चांदोलियाः
श्री मनोज तिवारीः
श्रीमती कमलेश जांगड़ेः
श्री आलोक शर्माः
श्री प्रदीप कुमार सिंहः
श्री बिद्युत बरन महतोः
श्री अनूप संजय धोत्रेः
श्री कोटा श्रीनिवास पूजारीः
श्रीमती हिमाद्री सिंहः
श्री अनन्त नायकः
श्री जी. एम. हरीश बालयोगीः
डॉ. मन्ना लाल रावतः
श्री विनोद लखमशी चावड़ाः
श्रीमती शोभनाबेन महेन्द्रसिंह बारैयाः
श्री हरीभाई पटेलः
श्री खगेन मुर्मुः
डॉ. निशिकान्त दुबेः
श्री बिभु प्रसाद तराईः
श्रीमती स्मिता उदय वाघः
श्री नव चरण माझीः
श्रीमती मालविका देवीः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्किल इंडिया डिजिटल हब (एस.आई.डी.एच.) को देश में गिग और प्लेटफॉर्म कामगारों के कौशल विकास में सहायता हेतु ई-श्रम पोर्टल के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया है;

(ख) यदि हां, तो लाभार्थियों का मध्य प्रदेश में जिला-वार, महाराष्ट्र के जलगाँव जिले और क्योंझर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) एआई-संचालित स्किल इंडिया असिस्टेंट (एस.आई.ए.) मार्गदर्शन टूल ने प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत 3.65 लाख अभ्यर्थियों के लिए वैयक्तिक पाठ्यक्रम खोज और करियर के मार्ग में किस प्रकार सुधार किया है और मध्य प्रदेश के संबंध में प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(घ) भारतीय युवाओं के लिए सत्यापित प्रमाणन सुनिश्चित करने की दिशा में 'डिजिटल सत्यापन योग्य विवरण' जारी करने के उद्देश्य वाली पहल की क्या भूमिका है;

(ङ) क्या सरकार ने समावेशी डिजिटल शिक्षा के लिए एस.आई.डी.एच. प्लेटफॉर्म से 22 क्षेत्रीय भाषाओं को सफलतापूर्वक जोड़ा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) यदि नहीं, तो इसके कारण और इसके लिए संशोधित समय-सीमा क्या है; और

(छ) मार्च 2026 तक मध्य प्रदेश और ओडिशा सहित क्योंझर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रमाणित अभ्यर्थियों को सीधे तौर पर नियुक्त करने के लिए एस.आई.डी.एच. जॉब मैचिंग इंजन का उपयोग करने वाले सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एम.एस.एम.ई.) की संख्या कितनी है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) पंजीकृत कामगारों के कौशल उन्नयन के लिए समन्वय स्थापित करने और सहायता प्रदान करने के लिए सिद्ध को ई-श्रम पोर्टल के साथ एकीकृत किया गया है। इस एकीकरण के माध्यम से, ई-श्रम के लाभार्थी सिद्ध पर उपलब्ध कौशलीकरण अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। यह एकीकरण राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया गया है, जिसमें ओडिशा, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों के लाभार्थी भी शामिल हैं।

(ख) ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत और सिद्ध के पाठ्यक्रमों में नामांकित लाभार्थियों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र और जिलावार ब्यौरा क्रमशः अनुबंध-I और अनुबंध-II में दिया गया है।

(ग) स्किल इंडिया असिस्टेंट (एसआईए) एक एआई-संचालित व्हाट्सएप चैटबॉट है जो स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) के साथ एकीकृत है, ताकि कौशलीकरण और रोजगार संबंधी सेवाओं तक व्यक्तिगत पहुंच को बेहतर बनाया जा सके। एसआईए, मेटा के ओपन-सोर्स एलएलएएमए (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) पर निर्मित संवादात्मक एआई का उपयोग करके यूजर्स के कौशल के अनुरूप पाठ्यक्रम अनुशंसाएं, आस-पास के प्रशिक्षण केंद्रों की खोज, रोजगार के अवसर और प्रश्नोत्तरी एवं संदेह निवारण जैसी इंटरैक्टिव सहायता प्रदान करता है। एसआईए व्हाट्सएप के माध्यम से उपलब्ध है, जिससे यूजर्स अंग्रेजी, हिंदी और हिंग्लिश में टेक्स्ट या आवाज के माध्यम से संवाद कर सकते हैं, और निरंतर सहायता सुनिश्चित करने के लिए यह 24/7 उपलब्ध है। व्हाट्सएप आधारित इसकी तैनाती से व्यापक पहुंच सुनिश्चित होती है क्योंकि यह उच्च गति के इंटरनेट या अतिरिक्त एप्लिकेशन की आवश्यकता के बिना बेसिक स्मार्टफोन के माध्यम से पहुंच की अनुमति देता है।

(घ) सिद्ध खुले मानकों के अनुरूप डिजिटल रूप से सत्यापित क्रेडेंशियल जारी करने की सुविधा प्रदान करता है, जिससे प्रामाणिकता और छेड़छाड़-रोधी (टेम्पर प्रूफ) प्रमाणीकरण सुनिश्चित होता है। इन क्रेडेंशियल को हितधारकों द्वारा सुरक्षित रूप से साझा और सत्यापित किया जा सकता है, जिससे भारतीय युवाओं के क्रेडेंशियल पर भरोसा और सुवाह्यता बढ़ती है।

(ङ) और (च) सिद्ध प्लेटफॉर्म को भाषिनी के साथ एकीकृत किया गया है, और सुलभता बढ़ाने और समावेशी डिजिटल शिक्षा और कौशलीकरण को बढ़ावा देने के लिए 22 क्षेत्रीय भाषाओं को शामिल किया गया है। विभिन्न भाषाई समुदायों को सहयोग देने के लिए प्लेटफॉर्म में क्षेत्रीय भाषा की सुविधाएं एकीकृत की गई हैं।

(छ) श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल और एनएसडीसी के जॉबएक्स पोर्टल से जॉब एक्सचेंज पेज पर स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) पर नौकरियां उपलब्ध कराई जाती हैं, जिनमें एमएसएमई की जॉब पोस्टिंग भी शामिल हो सकती हैं। इसलिए, प्रमाणित प्रतिभावान व्यक्तियों की भर्ती क्रमशः एनसीएस और जॉबएक्स पोर्टलों पर होती है।

अनुबंध- I

दिनांक 30.03.2026 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5777 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

राज्य	**लाभार्थियों की संख्या**
आंध्र प्रदेश	39
अरुणाचल प्रदेश	7
असम	32
बिहार	107
चंडीगढ़	2
छत्तीसगढ	31
दिल्ली	46
गुजरात	62
हरियाणा	35
हिमाचल प्रदेश	8
जम्मू और कश्मीर	18
झारखंड	40
कर्नाटक	28
केरल	3
मध्य प्रदेश	51
महाराष्ट्र	125
मणिपुर	3
मेघालय	1
मिजोरम	1
नगालैंड	2
ओडिशा	29
पंजाब	28
राजस्थान	38
सिक्किम	2
तमिलनाडु	20
तेलंगाना	17
त्रिपुरा	3
उत्तर प्रदेश	321
उत्तराखंड	14
पश्चिम बंगाल	60
कुल योग	**1173**

अनुबंध- II

दिनांक 30.03.2026 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5777 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

राज्य	ज़िला	लाभार्थियों की संख्या
मध्य प्रदेश	अगर मालवा	1
	बालाघाट	3
	बड़वानी	1
	बेतुल	2
	भिंड	3
	भोपाल	2
	दमोह	1
	धार	1
	गुना	1
	ग्वालियर	2
	हरदा	1
	होशंगाबाद	1
	इंदौर	2
	जबलपुर	1
	झाबुआ	1
	कटनी	2
	खंडवा	1
	नरसिम्हापुर	1
	नरसिंहपुर	1
	पन्ना	1
	राजगढ़	1
	रतलाम	2
	रीवा	4
	सागर	4
	सतना	3
	सीहोर	2
	सेओनी	1
	शाजापुर	1
	श्योपुर	1
	सीधी	1
	सिंगरौली	1
	विदिशा	1

महाराष्ट्र	अहमदनगर	6
	अमरावती	7
	औरंगाबाद	5
	बीड	3
	भंडारा	2
	बुलढाणा	2
	बुलढाना	1
	चंद्रपुर	1
	धुले	2
	गडचिरोली	1
	गोंडिया	1
	हिंगोली	1
	जलगांव	5
	जलना	1
	कोल्हापुर	5
	लातूर	3
	मुंबई	5
	मुंबई शहर	1
	मुंबई उपनगर	4
	नागपुर	9
	नांदेड़	6
	नंदुरबार	1
	नासिक	8
	उस्मानाबाद	2
	परभनी	2
	पुणे	13
	रायगढ़	2
	रत्नागिरि	1
	सांगली	1
	सतारा	2
	सिंधुदुर्ग	1
	सोलापुर	2
	ठाणे	13
	वाशिम	4
	यवतमाल	2
ओडिशा	बालेश्वर	2
	बारगढ़	1
	भद्रक	1

	ढेंकनाल	1
	गजपति	1
	गंजम	4
	जाजापुर	1
	झारसुगुडा	1
	कंधमाल	1
	खोरदा	4
	कोरापुट	2
	क्योंझर	0
	मयूरभंज	3
	नबरंगपुर	2
	पुरी	1
	सुंदरगढ़	3

*****